ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

CLASS: III
SESSION NO : 11
SUBJECT : (HINDI)
CHAPTER NAME : हंस और कछुआ
SUB –TOPIC: भाषा ज्ञान – विराम चिन्हों का प्रयोग तथा सही वाक्य निर्माण

पाठ -३ हंस और कछुआ

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

सीखने का उद्देश्य:

छात्रों में व्याकरणिक कुशलता के साथ वर्तनी का शुद्ध ज्ञान भी प्राप्त होगा

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

एक समय की बात है एक गांव में ढेर सारे मुर्गे रहते थे गांव के बच्चे ने किसी एक मुर्गे को तंग कर दिया था मुर्गा परेशान हो गया उसने सोचा अगले दिन सुबह मैं आवाज नहीं करूंगा सब सोते रहेंगे तब मेरी अहमियत सबको समझ में आएऔर मुझे तंग नहीं करेंगे मुर्गा अगली सुबह कुछ नहीं बोला सभी लोग समय पर उठ कर अपने-अपने काम में लग गए इस पर मुर्गे को समझ में आ गया कि किसी के बिना कोई काम नहीं रुकत सबका काम चलता रहता है

एक समय की बात है , एक गांव में ढेर सारे मुर्गे रहते थे। गांव के बच्चे ने किसी एक मुर्गे को तंग कर दिया था। मुर्गा परेशान हो गया , उसने सोचा अगले दिन सुबह मैं आवाज नहीं करूंगा। सब सोते रहेंगे तब मेरी अहमियत सबको समझ में आएगी , और मुझे तंग नहीं करेंगे। मुर्गा अगली सुबह कुछ नहीं बोला। सभी लोग समय पर उठ कर अपने-अपने काम में लग गए इस पर मुर्गे को समझ में आ गया कि किसी के बिना कोई काम नहीं रुकता। सबका काम चलता रहता है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

विराम-चिह्न किसे कहते हैं?

‘विराम’ का अर्थ है- ‘रुकना’। भाषा के लिखित रूप में विराम देने अथवा रुकने के लिए जिन संकेत चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें **विराम-चिह्न** कहते हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

विराम चिन्ह

1. पूर्ण विराम-चिह्न (Sign of full-stop) – (।)
2. अर्द्ध विराम-चिह्न (Sign of semi-colon) – (;)
3. अल्प विराम-चिह्न (Sign of comma) – (,)
4. प्रश्नवाचक चिह्न (Sign of interrogation) – (?)
5. विस्मयादिबोधक चिह्न (Sign of exclamation) – (!)
6. उद्धरण चिह्न (Sign of inverted commas) – (" ") (" ")
7. निर्देशक या रेखिका चिह्न (Sign of dash) – (—)
8. विवरण चिह्न (Sign of colon dash) – (:-)
9. अपूर्ण विराम-चिह्न (Sign of colon) – (:)
10. कोष्ठक (Brackets) – () [] {}

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

विराम चिन्ह

1. पूर्ण विराम-चिह्न (Sign of full-stop) – (।)

2. अल्प विराम-चिह्न (Sign of comma) – (,)

3. प्रश्नवाचक चिह्न (Sign of interrogation) – (?)

4. विस्मयादिबोधक चिह्न (Sign of exclamation) – (!)

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

1. पूर्ण विराम-चिह्न (।)

प्रश्नवाचक और विस्मयादिबोधक वाक्यों को छोड़कर शेष सभी वाक्यों के अन्त में पूर्ण विराम का प्रयोग होता है;

जैसे-

1.यह पुस्तक अच्छी है।

2. गीता खेलती है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

2. अल्प विराम-चिह्न
(,)

अर्द्ध विराम का अर्थ है-आधा विराम। जहाँ पूर्ण विराम की तुलना में कम रुकना होता है

1. रमेश सुरेश महेश वीरेन्द्र घूमने गए।

रमेश, सुरेश, महेश और वीरेन्द्र घूमने गए।

2. 5 6 7 8 10 20 30 40 50 60 70 8090 100

5, 6, 7, 8, 10, 20, 30, 40, 50, 60, 70, 80, 90, 100,

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

3. प्रश्नवाचक चिह्न (?)

जब किसी वाक्य में प्रश्नात्मक भाव हो, उसके अन्त में प्रश्नवाचक चिह्न (?) लगाया जाता है।

1.तुम्हारा क्या नाम है ?

2. आप सम्भवत: दिल्ली के निवासी हैं ?

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

4. विस्मयादिबोधक चिह्न (!)

आश्चर्य, करुणा, घृणा, भय, विवाद, विस्मय आदि भावों की अभिव्यक्ति के लिए विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग होता है।

1.अरे ! वह अनुत्तीर्ण हो गया।

2. हे भगवान ! दया करो !

3. वाह ! तुम धन्य हो

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

उद्धरण चिह्न का प्रयोग (‘....’) (“....”)

उद्धरण चिह्न दो प्रकार के होते हैं—

इकहरे चिह्न (‘ ’)

दोहरे चिह्न (“....”)

(i) किसी लेख, कविता और पुस्तक इत्यादि का शीर्षक लिखने में इकहरे उद्धरण . चिह्न का प्रयोग होता है;

जैसे — मैंने तुलसीदास जी का ‘रामचरितमानस’ पढ़ा है।

(ii) जब किसी कथन को जैसा का तैसा उद्धृत करना होता है, तब दोहरे उद्धरण चिह्न का प्रयोग होता है;

जैसे — डॉ. वर्मा ने कहा है, “निराला जी की कविता ‘वह तोड़ती पत्थर’ बड़ी मार्मिक है।”

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

वाक्यों में सही विराम चिन्हों का प्रयोग कीजिए

क. देखो कैसा अद् भुत दृश्य है

उ: " देखो ! कैसा अद्भुत दृश्य है । "

ख. वह अपने बचाव का उपाय सोचने लगा

उ: वह अपने बचाव का उपाय सोचने लगा ।

ग. आज पाठशाला कॉलेज बाजार बंद हैं

उ: आज पाठशाला, कॉलेज और बाजार बंद है।

घ. हंस और कछुआ कहाँ उड़ रहे थे

उ: हंस और कछुआ कहाँ उड़ रहे थे ?

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

सही वाक्य निर्माण –

१.उपाय-

२.मुसीबत-

3.तालाब-

४.मित्र-

५.गाँव-

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

गृह कार्य

पठन तथा लेखन कराए गए भाषा ज्ञान के प्रश्नों के उत्तर का गृह कार्य कॉपी में लेखन अभ्यास करते हुए उनका पठन अभ्यास भी करें।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

अध्ययन के परिणाम

कहानी पठन के बाद बच्चों मैं नैतिक मूल्यों का विकास हो पाएगा।

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow